# उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा की विद्या परिषद (Academic Council) की दसवीं बैठक दिनांक 16.06.2026 का कार्यवृत्त

उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा की विद्या परिषद की दसवीं बैठक दिनांक 16.06.2026 को माननीय कुलपति, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा/अध्यक्ष विद्या परिषद के सभापतित्व में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित ने प्रतिभाग किया:–

| | |
|---|---|
| 1. **डॉ0 अजय सिंह, कुलपति, यूपीयूएमएस, सैफई।** | **अध्यक्ष** |
| 2. डॉ0 आर0के0 दीक्षित, प्रोफेसर–फार्माकोलॉजी विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | सदस्य |
| 3. डॉ0 एस0पी0सिंह, प्राचार्य सेन्ट जोन्स कॉलेज, आगरा। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | सदस्य |
| 4. डॉ0 सूर्यकांत, प्रोफेसर रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | सदस्य |
| 5. डॉ0 आदेश कुमार, संकायाध्यक्ष–चिकित्सा संकाय, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य एवं संयोजक |
| 6. डॉ0 प्रवीण कुमार, संकायाध्यक्ष–फार्मेसी संकाय, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 7. डॉ0 अतुल कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष–दन्त विज्ञान संकाय, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 8. डॉ0 रमाकान्त यादव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, न्यूरोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | सदस्य |
| 9. डॉ0 कीर्ति जैसवाल, प्रोफेसर एवं संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 10. डॉ0 अमित सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष सी0वी0टी0एस0 विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | |
| 11. डॉ0 अमित कांत सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | |
| 12. डॉ0 आदिल रहमान, प्रोफेसर जू0 ग्रेड एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिस्ट्री, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 13. डॉ0 राजेश कुमार वर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 14. डॉ0 एस0पी0 सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जनरल सर्जरी, यूपीयूएमएस, सैफई। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | |
| 15. डॉ0 मनोज कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया) | |
| 16. डॉ0 जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ई0एन0टी0, यूपीयूएमएस, सैफई। | |
| 17. डॉ0 कल्पना कुमारी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, आब्स एण्ड गायनी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 18. डॉ0 ऊषा शुक्ला, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 19. डॉ0 सुभाष चन्द्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कार्डियोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 20. डॉ0 राजेश कुमार ठाकुर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पेरियोडोंटोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 21. डा0 सन्दीप कुमार, प्रोफेसर, कम्यूनिटी मेडिसिन, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 22. डा0 चन्द्रवीर सिंह, प्रोफेसर, फार्माकोलाजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 23. डा0 विद्या रानी प्रोफेसर, कम्यूनिटी मेडिसिन, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 24. डा0 विपिन कुमार यादव, प्रोफेसर, पेरियोडोन्टोलाजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 25. डॉ0 ग्रन्थ कुमार, प्रोफेसर, जनरल मेडिसिन, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 26. डा0 सैम्बियन एन0, एसोसिएट प्रोफेसर, फैकेल्टी आफ नर्सिंग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 27. डॉ0 सुगन्धी शर्मा, असस्टिेन्ट प्रोफेसर, इन्चार्ज केन्द्रीय पुस्तकालय, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 28. डॉ0 श्वेता एस0 कुमार, प्रोफेसर जू0ग्रेड एवं विभागाध्यक्ष, डर्मेटोलॉजी, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 29. डॉ0 रीना शर्मा, प्रोफेसर एवं कार्यवाहक सह–संकायाध्यक्ष चिकित्सा संकाय, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 30. डॉ0 सीमा दयाल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई | सदस्य |
| 31. डॉ0 दुर्गेश कुमार, प्रोफेसर जूनियर ग्रेड, पीडियाट्रिक विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 32. डॉ0 राफे अब्दुल रहमान, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 33. डॉ0 अनिल कुमार, प्रोफेसर सीनियर ग्रेड, जनरल सर्जरी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 34. डॉ0 भगत सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, फैकेल्टी आफ नर्सिंग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| 35. डॉ0 मीनू बब्बर, प्रोफेसर, आप्थल्मोलॉजी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 36. डॉ0 अतुल मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, रेडियेशन ऑकोलॉजी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 37. डॉ0 अविनाश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, फोरेंसिक मेडिसिन विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 38. डॉ0 विनय कनौजिया, एसोसिएट प्रोफेसर, पी0एम0आर0 विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 39. डॉ0 अंकित सचान, असिस्टेंट प्रोफेसर, यूरोलॉजी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 40. डॉ0 विशाल आर0 जसूजा, प्रोफेसर जूनियर ग्रेड, एनॉटॉमी विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |
| 41. डॉ0 दिनेश कुमार, प्रोफेसर, ऑर्थोपेडिक्स विभाग, यूपीयूएमएस, सैफई। | सदस्य |

इस प्रकार विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दसवीं बैठक दिनांक 16.06.2026 में उपरोक्त 41 सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्यों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया (उपस्थिति पत्रक संलग्न)। गणपूर्ति होने पर सर्वप्रथम माननीय कुलपति, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा/अध्यक्ष–विद्या परिषद द्वारा विद्या परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त संयोजक–विद्या परिषद/संकायाध्यक्ष चिकित्सा संकाय, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा अध्यक्ष–विद्या परिषद की अनुमति से विद्या परिषद के समक्ष बिन्दुवार एजेण्डा प्रस्तुत किये गये।

बैठक में प्रस्तावों पर विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

| एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा, प्रस्ताव एवं निर्णय |
|---|---|
| 10–(1) | **विद्या परिषद की नौवीं बैठक दिनांक 16.04.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि**<br>**प्रस्ताव:–** उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा की विद्या परिषद की नौवीं बैठक दिनांक 16.04.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि अपेक्षित है। |
| **निर्णय:–** | विद्या परिषद की नौवीं बैठक के कार्यवृत्त पर सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 10–(2) | **विद्या परिषद की नौवीं बैठक दिनांक 16.04.2026 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या**<br>**प्रस्ताव:–** कृपया विद्या परिषद उपरोक्त अनुपालन आख्या से अवगत होना चाहें। |
| **निर्णय:–** | विद्या परिषद की नौवीं बैठक के निर्णयों की अनुपालन आख्या से विद्या परिषद अवगत हुई तथा एजेण्डा की अनुपालन आख्या के विषय में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:–<br>• एजेण्डा बिन्दु 8–(4) **Moderation of Examination Question Papers to Minimize Duplication and Ensure Quality** के संबंध में संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय द्वारा गठित समिति के माध्यम से तैयार एस0ओ0पी0 पर संकायाध्यक्ष समिति एवं रिव्यू समिति के अनुमोदन के उपरान्त आगामी विद्या परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।<br>• **एजेण्डा बिन्दु 9 (4.1) विश्वविद्यालय के चिकित्सा संकाय, नर्सिंग संकाय, पैरामेडिकल विज्ञान संकाय एवं फॉर्मेसी संकाय में स्थित परीक्षाहॉल को अपडेट करने के सम्बन्ध में विद्या परिषद द्वारा उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।**<br>• **एजेण्डा बिन्दु 9(4.2) विश्वविद्यालय में चिकित्सा संकाय, नर्सिंग संकाय, पैरामेडिकल विज्ञान संकाय, फॉर्मेसी संकाय एवं दंत संकाय की परास्नातक एवं स्नातक पाठ्यक्रमों की विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को ऑनलाईन मूल्यांकन कराने के लिए साफ्टवेयर की आवश्यकता एवं अंकपत्र को आवश्यक स्पेशिफिकेशन के अनुसार होने तथा डिग्री (उपाधि) एवं अंकपत्र की Design, Printing and Paper के लिए फर्म की आवश्यकता के सम्बन्ध में** परीक्षा नियंत्रक को उक्त के संबंध में संयुक्त निदेशक सामग्री प्रबंधन से समन्वय स्थापित करते हुए क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही करते हुए अग्रिम विद्या परिषद में प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए।<br>• **एजेण्डा बिन्दु 9(6.4) To consider and approve the Standard Operating Procedure (SOP) for appearing in University Examinations** के संबंध में विद्या परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त संकायों द्वारा एस0ओ0पी0 तैयार कर संकायाध्यक्ष समिति एवं रिव्यू समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त आगामी विद्या परिषद में प्रस्तुत किया जाये।<br>• **एजेण्डा बिन्दु 9(7.1 ) जनरल सर्जरी विभाग में एन0एम0सी0 के दृष्टिगत पी0जी0 सीट में वृद्धि करवाने हेतु गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के असि0 प्रोफेसर को सर्जरी विभाग में सम्मिलित करने के संबंध में** विभागाध्यक्ष सर्जरी को पत्रावली के माध्यम से एन0एम0सी0 के दृष्टिगत Counting हेतु |

| | |
|---|---|
| | प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रस्ताव पर संकायाध्यक्ष, कुलसचिव एवं माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त कुलसचिव द्वारा आदेश जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| 10–(3.1) | **कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से सम्बन्धित यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने हेतु External/ Internal परीक्षकों के संशोधित पैनल का अनुमोदन।**<br><br>**प्रस्तावना:**–चिकित्सा संकाय के अन्तर्गत कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से सम्बन्धित यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु External/Internal परीक्षकों का संशोधित पैनल एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप तैयार कर अनुमोदन हेतु विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**पृष्ठभूमि:**–उक्त हेतु कतिपय परीक्षकों के परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु मना करने या कुछ परीक्षक का स्थानान्तरण होने के कारण परीक्षा सम्पन्न कराने को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से अनुमोदित पैनल में बदलाव की आवश्यकता को लेकर परीक्षकों का नवीन पैनल विभागाध्यक्ष के स्तर से एन0एम0सी0 की गाईडलाइन्स के अनुसार तैयार किया गया है।<br><br>**नियम/कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णय:**–कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के द्वारा बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक कराते हुए यू0जी0 एवं पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु परीक्षकों का पैनल उपलब्ध कराया गया है।<br><br>**प्रस्ताव का आधार:**–विश्वविद्यालय अधिनियम–2015 के अन्तर्गत स्थापित बोर्ड आफ स्टडीज की संस्तुतियों को विद्या परिषद में अनुमोदन किए जाने की व्यवस्था निहित है।<br><br>**प्रस्ताव:**–यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों हेतु External/Internal परीक्षकों के पैनल में प्राईवेट कालेज के बाह्य परीक्षकों को परीक्षा हेतु आमंत्रित नहीं किया जायेगा। किसी एक सरकारी कालेज से अधिकतम दो बाह्य परीक्षक ही परीक्षा हेतु आमंत्रित किये जायेंगे। पी0जी0 परीक्षाओं हेतु प्रदेश से बाहर के कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय के बाह्य परीक्षकों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।<br><br>**प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदन:**उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद अनुमोदन प्रदान करना चाहें। |
| **निर्णय:**– | उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 10–(3.2) | **कम्युनिटी मेडिसिन विषय में विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले छात्र–छात्राओं को श्रीमती शारदा गुप्ता गोल्ड मेडल प्रदान करने हेतु।**<br><br>**प्रस्तावना:**– छात्र–छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक अध्ययन हेतु कम्युनिटी मेडिसिन विषय में विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले छात्र–छात्राओं को श्रीमती शारदा गुप्ता गोल्ड मेडल दिया जाना प्रस्तावित है।<br><br>**पृष्ठभूमि:**– कम्युनिटी मेडिसिन (सामुदायिक चिकित्सा) विभाग के संकाय सदस्य डॉ0 संदीप कुमार के अनुरोध पर दिनांक 09 दिसम्बर, 2013 को तत्कालीन निदेशक महोदय द्वारा डॉ0 संदीप कुमार की स्व0 माता जी के नाम पर कम्युनिटी मेडिसिन विषय में विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र–छात्राओं को उक्त गोल्ड मेडल प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी थी।<br>**नियम/कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णय:**– तत्कालीन निदेशक महोदय द्वारा अनुमति के उपरान्त डॉ0 संदीप कुमार के द्वारा रु0 100000/– (एक लाख मात्र) की एफ0डी0 विश्वविद्यालय के नाम से की गयी थी तथा उक्त गोल्ड मेडल छात्र–छात्राओं को प्रदान किया जा रहा था।<br>**प्रस्ताव का आधार:**– छात्र–छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक अध्ययन हेतु कम्युनिटी मेडिसिन विषय में विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले छात्र–छात्राओं को श्रीमती शारदा गुप्ता गोल्ड मेडल दिया जाना प्रस्तावित है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | **प्रस्तावः–** वर्ष 2016 में संस्थान के विश्वविद्यालय में परिवर्तित होने के पश्चात उक्त गोल्ड मेडल को पुनः प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है।<br>**प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदनः–** उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद अनुमोदन प्रदान करना चाहें। |
| **निर्णयः–** | उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा असहमति व्यक्त की गई तथा विश्वविद्यालय स्तर पर समिति गठित करते हुए एस0ओ0पी0 तैयार करने के निर्देश दिये गये। |
| **10–(4)** | **विश्वविद्यालय में संचालित एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का संचालन एवं लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा समस्त विभागों में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालय स्तरीय प्रयोगात्मक परीक्षा दो वाह्य एवं दो आन्तरिक परीक्षकों द्वारा सम्पन्न कराये जाने के अनुमोदन के संबंध मे।**<br>**प्रस्तावनाः–** संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय की अध्यक्षता में दिनांक 11.05.2026 को अपराह्न 2.:30 बजे आहूत बैठक के कार्यवृत्त, जिसमें निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय में संचालित एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक परीक्षाओं का संचालन एवं लिखित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन Government of India, National Medical Commission, New Delhi के पत्र सं0 D-11011/500/2024-Academic Cell (e-8284443) दिनांक 12.09.2024 द्वारा Appiontment of Examiners हेतु जारी की गई गाइडलाइन में उल्लिखित बिन्दु सं0 2 (For Practical/Clinical examinations, there shall be at least four examiners for every learner, out of whom not less then 50% must be external examiners. Of the four examiners, the senior-most internal examiner shall act as the Chairman and coordinator of the whole examination programme so that uniformity in the matter of assessment of candidates is maintained.) के अनुसार समस्त विभागों में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालय स्तरीय प्रयोगात्मक परीक्षा दो वाह्य एवं दो आन्तरिक परीक्षकों द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त जी0आर0 मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर, मध्यप्रदेश में कुल 04 दिन प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाती है, परन्तु 02 बाह्य एवं 02 आन्तरिक परीक्षकों से 02 दिन तथा दूसरे 02 दिन 02 बाह्य एवं 02 आन्तरिक परीक्षकों से सम्पन्न कराई जाती है।<br>**प्रस्ताव का आधारः–** संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय की अध्यक्षता में दिनांक 11.05.2026 को अपराह्न 2.:30 बजे आहूत बैठक के कार्यवृत्त एवं जी0आर0 मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर, मध्यप्रदेश के उपरोक्त बिन्दुओं को विद्यापरिषद के समक्ष रखे जाने का प्रस्ताव है।<br>**प्रस्तावः–**<br>1. दो वाह्य परीक्षकों का लगातार 04 दिन तक परीक्षा लेना मुश्किल होता है।<br>2. यदि वाह्य परीक्षक लगातार 04 दिन के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में 02 दिन दो वाह्य परीक्षक तथा अन्य 02 दिन नये अन्य दो वाह्य परीक्षकों के द्वारा एम0बी0बी0एस0 परीक्षाओं को संचालित करने हेतु विद्या परिषद से अनुमोदन अपेक्षित है।<br>अतः विश्वविद्यालय में संचालित एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का संचालन एवं लिखित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु **Government of India, National Medical Commission, New Delhi के पत्र सं0 D-11011/500/2024-Academic Cell (e-8284443) दिनांक 12.09.2024** एवं **जी0आर0 मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर, मध्यप्रदेश** के उपरोक्त बिन्दुओं को विद्यापरिषद के समक्ष अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है।<br>**प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदनः–** उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद, अनुमोदन प्रदान करना चाहें। |
| **निर्णयः–** | **उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा असहमति व्यक्त करते हुए एन0एम0सी0 के मानकों एवं KGMU, Lucknow में लागू व्यवस्था के अनुसार परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया।** |
| **10–(5)** | **शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) पाठ्यक्रम की 60 सीटों, डिप्लोमा इन ऑक्ज़ीलरी नर्स मिडवाइफरी (A.N.M.) पाठ्यक्रम की 50 सीटों एवं बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (B.Pharm)** |

Scanned with OKEN Scanner

**पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ एवं डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में।**

**प्रस्तावनाः–** पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के अधिकतर पाठ्यक्रम पर प्रवेश पक्रिया अटल बिहारी वाजपेयीि चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा करायी जा रही है। वर्तमान में केवल जी0एन0एम0–60 सीट, ए0एन0एम0–50 सीट एवं बी0फार्मा0–60 सीटों पर प्रवेश–परीक्षा उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा द्वारा करायी जाती रही है। उक्त के दृष्टिगत अवशेष कोर्स भी अन्य विश्वविद्यालय/शासन द्वारा कराये जाने का प्रस्ताव है।

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) पाठ्यक्रम की 60 सीटों, डिप्लोमा इन ऑक्ज़ीलरी नर्स मिडवाइफरी (A.N.M.) पाठ्यक्रम की 50 सीटों एवं बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (B.Pharm) पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ एवं डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के माध्यम से भरे जाने का प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पृष्ठभूमिः–** उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 02.04.2026 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में चयन प्रकोष्ठ/COREE की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में निम्न विश्वविद्यालय/शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये गये–

1. अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर निर्धारित अर्हता के आधार पर प्रवेश–परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।
2. महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के डिप्लोमा इन ऑक्ज़ीलरी नर्स मिडवाइफरी (A.N.M.) पाठ्यक्रम की 50 सीटों पर निर्धारित अर्हता के आधार पर प्रवेश–परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।
3. डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को शैक्षणिक सत्र 2026–27 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (B.Pharm) पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर निर्धारित अर्हता के आधार पर प्रवेश–परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

**प्रस्तावः–** उपरोक्त के सम्बन्ध में निम्नानुसार पत्राचार किया गया है–

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | सीटे | संस्थान का नाम | पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) | 60 | अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | 159/E/U.P.U.M.S./COREE (3138-CD)/026&27, दिनांक 10 अप्रैल, 2026 |
| 2. | बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (B.Pharm) | 60 | डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 161/E/U.P.U.M.S./COREE (3138-D)/2026&27, दिनांकः 10 अप्रैल, 2026 |
| 3. | डिप्लोमा इन ऑक्ज़ीलरी नर्स मिडवाइफरी (A.N.M.) | 50 | महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ | 424/E/U.P.U.M.S./COREE (3138-D)/2026&27, दिनांकः 29 अप्रैल, 2026 |

**नोटः– उपरोक्त पत्रों** के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/शासन द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही हुई है–

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | 1. अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विज्ञापन संख्या–04/प्रवेश–परीक्षा/ABVMU/2026, दिनांक 30–04–2026 के द्वारा डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) हेतु उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई को शामिल करते हुए **विज्ञापन प्रकाशित किया गया है।**<br>2. महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ के पत्र संख्या– प्रशि0प्रको0/ए0एन0एम0/332/2025/595, दिनांक 18.05.2026 के द्वारा ए0एन0एम0 के सम्बन्ध में सहमति मांगी गयी थी जिसके क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 754/E/U.P.U.M.S./COREE (3138-CD)/2026-27, दिनांक 27 मई, 2026 के **क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा सहमति पत्र महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है।**<br>3. डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्र संख्या संख्या–AKTU/I/122/2026, दिनांक 18.05.2026 के द्वारा बी0फार्मा0 के सम्बन्ध में सहमति मांगी गयी थी जिसके क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 771/E/U.P.U.M.S./COREE(3138-CD)/2026–27, दिनांक 29 मई, 2026 के **क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा सहमति पत्र महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है।**<br><u>प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदनः</u>– उपर्युक्त तथ्यों के क्रम में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी (G.N.M.) की 60 सीटों पर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डिप्लोमा इन ऑक्ज़ीलरी नर्स मिडवाइफरी (A.N.M.) की 50 सीटों पर महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ तथा बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (B.Pharm) की 60 सीटों पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के माध्यम से प्रवेश–प्रक्रिया कराये जाने के प्रस्ताव पर विद्या परिषद, अनुमोदन प्रदान करना चाहें। |
| **निर्णयः–** | **उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया।** |
| **10–(6.1)** | **जनरल मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी एवं ई0एन0टी0 विभाग से सम्बन्धित यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने हेतु External/ Internal परीक्षकों एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के External thesis evaluators के संशोधित पैनल का अनुमोदन।**<br><u>**प्रस्तावनाः**</u>–चिकित्सा संकाय के अन्तर्गत जनरल मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी एवं ई0एन0टी0 विभाग से सम्बन्धित यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने हेतु External/ Internal परीक्षकों एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के External thesis evaluators के संशोधित पैनल एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप तैयार कर अनुमोदन हेतु विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत है।<br><u>**पृष्ठभूमिः**</u>–उक्त हेतु कतिपय परीक्षकों के परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु मना करने या कुछ परीक्षक का स्थानान्तरण होने के कारण परीक्षा सम्पन्न कराने को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से अनुमोदित पैनल में बदलाव की आवश्यकता को लेकर परीक्षकों का नवीन पैनल विभागाध्यक्षों के स्तर से एन0एम0सी0 की गाईडलाइन्स के अनुसार तैयार किया गया है।<br><u>**नियम/कृत कार्यवाही/निष्कर्ष/निर्णयः**</u>–जनरल मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी एवं ई0एन0टी0 विभाग के द्वारा बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक कराते हुए यू0जी0/पी0जी0 पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने हेतु External/ Internal परीक्षकों एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के External thesis evaluators का संशोधित पैनल उपलब्ध कराया गया है।<br><u>**प्रस्ताव का आधारः**</u>–विश्वविद्यालय अधिनियम–2015 के अन्तर्गत स्थापित बोर्ड आफ स्टडीज की संस्तुतियों को विद्या परिषद में अनुमोदन किए जाने की व्यवस्था निहित है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | **प्रस्तावः**—यू0जी0 पाठ्यक्रमों हेतु External/Internal परीक्षकों एवं External thesis evaluators के पैनल में प्राईवेट कालेज के बाह्य परीक्षकों को परीक्षा हेतु आमंत्रित नहीं किया जायेगा। किसी एक सरकारी कालेज से अधिकतम दो बाह्य परीक्षक ही परीक्षा हेतु आमंत्रित किये जायेंगे। विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।<br>**प्रस्ताव पर अपेक्षित अनुमोदनः**— उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद अनुमोदन प्रदान करना चाहें। |
| **निर्णयः**— | **उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया।** |
| **10—(6.2)** | **Adoption and implementation of new Bachelor of Pharmacy (B. Pharm.) syllabus (2026)(As per NEP 2020)from academic session 2026-2027.**<br>**Preface:-** The Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi, vide its circular Ref No: 14-154/2025-PCI dated 30.04.2026 directed implementation of new B.Pharma. syllabus from academic session 2026-27 (as per NEP 2020) by approved Pharmacy institutions – U/s 12 (1) and approved examining authority – U/s 12 (2)<br>**Background:-** The Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi revised the rules and syllabus for Bachelor of Pharmacy (B.Pharma.) as per NEP 2020; which is available on council website www.pci.gov.in and need to be implemented from coming session 2026-2027.<br>**Rules/Action taken /Conclusion/ Decision:-** The Pharmacy Council of India (PCI),New Delhi vide their circular Ref No: 14-154/2025-PCI dated 30.04.2026 directed implementation of new B.Pharma. syllabus from academic session 2026-27 (as per NEP 2020) by approved Pharmacy institutions – U/s 12 (1) and approved examining authority – U/s 12 (2). All the institutions running B. Pharm. course and the examining authorities holding examination of pharmacy students are required to strictly follow the statutory provisions contained in the said syllabus for approval under sections U/s 12 (1) and 12 (2) of the Pharmacy Act, 1948.<br>**Basis of the proposal:-** The Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi vide their circular Ref No: 14-154/2025-PCI dated 30.04.2026 directed implementation of new B.Pharma. syllabus from academic session 2026-27 (as per NEP 2020) by approved Pharmacy institutions – U/s 12 (1) and approved examining authority – U/s 12 (2).<br>**Proposal:-**It was decided that Faculty of Pharmacy (PCI-1572), Uttar Pradesh University of Medical Sciences,Saifai 206130, Distt. Etawah, U.P. shall adopt and implement new Bachelor of Pharmacy (B. Pharm.) syllabus (2026) (As per NEP 2020) from academic session 2026-2027 as directed by the Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi vide its circular Ref No: 14-154/2025-PCI dated 30.04.2026 in-toto and submit the compliance of the same to the PCI, New Delhi.<br>**Expected approval on proposal:-**Academic council is requested to grant approval on above proposal. |
| **निर्णयः**— | **उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा पी0सी0आई. नई दिल्ली के** G.O. **(Ref No: 14-154/2025-PCI dated 30.04.2026 directed implementation of new B.Pharma. syllabus from academic session 2026-27 (as per NEP 2020) by approved Pharmacy institutions – U/s 12 (1) and approved examining authority– U/s12(2)) को अंगीकृत करने हेतु सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया।** |

बैठक विद्या परिषद के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्पन्न हुई।

**(डॉ0 आदेश कुमार)**
संकायाध्यक्ष चिकित्सा संकाय
एवं संयोजक विद्या परिषद,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई, इटावा

**(डॉ0 अजय सिंह)**
कुलपति
एवं अध्यक्ष—विद्या परिषद,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई, इटावा

Scanned with OKEN Scanner

(18)

# विद्या परिषद की दसवीं बैठक दिनाँक 16.06.2026

| Sl.No | Name | Designation | Department | Mobile No. | Sign. |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | Dr. Gromlt Kumari | Professor | Medicine | 8191038215 | [signature] |
| 2. | Dr Rajesh Kumar Verma | Professor & Head (COE) | ~~Audi~~ Microbiology | 8477973359 | [signature] |
| 3. | Dr Chandra Veer Singh | Professor & officiating Head | Pharmacology | 9927791470 | [signature] |
| 4. | Mr. Sembiananal | Asso. Prof | Faculty of Nursing | 7088000698 | [signature] |
| 5. | Dr. Bhagwat Singh | Asso Prof Pan Pune | Faculty of Para | 9897736479 | [signature] |
| 6. | Dr Meenu Babber | Prof | Ophthal | 7055002870 | [signature] |
| 7. | Dr Atul Mishra | Asso. Prof | Radiation Oncology | 8009608586 | [signature] |
| 8. | Dr. Atul Kr. Singh | Prof. & Dean (Dental) | Faculty of Dental Sciences | 9452074574 | [signature] |
| 9. | Dr Avinash Kumar | Asst Professor | Forensic Medicine & Toxicology | 9570073048 | [signature] |
| 10. | Dr. Vijay Kanaujia | Asso. Prof, PMR | PMR | 8800121450 | [signature] |
| 11. | Dr Ankit Sachan | Asso. prof. Urology | Urology | 8318240146 | [signature] |
| 12. | Dr Alpana | Prof | O.B.G | 7880576291 | [signature] |
| 13. | Dr Vishal R Taneja | Professor Jr. | Anatomy | 9685355774 | [signature] |
| 14. | Dr. Anil Kant Singh | Prof & Head | Physiology | 9412205011 | [signature] |
| 15. | Adil Rahman | Asso Prof & Head | Biochemistry | 9410641429 | [signature] |

Scanned with OKEN Scanner

| Sl.No. | Name | Designation | Department | Mobile | Sign. |
|---|---|---|---|---|---|
| 16. | Dr. Rafiq A. Rahman | Associate Prof | Pediatric Surgery | 9990263422 | |
| 17. | Dr. Usha Shukla | Prof & Head | Anaesth. | 9412201915 | |
| 18. | Dr. Sandip Kumar | Professor | Community Medicine | 94512602[illegible] | |
| 19. | Dr. Sugandhi Sharma | Asst. Professor | " (Library Incharge) | 98977403[illegible] | |
| 20. | Dr. Vidya Rani | Professor | Community Medicine | 969[illegible]16629 | |
| 21. | Dr. Sweta S. Kumar | Prof(CA) | Dermatology | [illegible] | |
| 22. | Dr. Dinesh Kumar | Prof | Orthopaedics | 94[illegible]533147 | |
| 23. | Dr. Durgesh Kumar | Prof (JrGr) | Paediatrics | 9317144572 | |
| 24. | Dr Jitendra Chauhan | Professor & Head | ENT | 9997634222 | |
| 25. | DR. ANIL KUMAR | PROFESSOR | G. SURGERY | 945840935[illegible] | |
| 26. | Dr. Kirti Jaiswal | Professor (MVG) | Physiology | 7906857537 | |
| 27. | Dr Seema Dayal | Professor & Head | Pathology | 9835583969 | |
| 28. | Dr Rajesh K. Thakur | Prof. & Head | Periodontology, FODS | 9997060666 | |
| 29. | Dr. Bipin Kumar Yadav | Professor | Periodontology, FODS | 8449619482 | |
| 30. | Dr. Subhash Chandra | AP | G. Surgery | 99940279[illegible] | |
| 31. | Dr. Reena Sharma | Prof | Asso. Dean & Prof. Ophthalmology | 9891914352 | |

Scanned with OKEN Scanner